# विकसित राजस्थान के निर्माण में सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी जरूरी है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रमुख एनजीओ, सिविल सोसायटी व उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद किया

जयपुर, 11 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सामाजिक संगठन जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम हैं तथा इनके अनुभव एवं सुझाव जनकल्याण को दिशा देने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित एवं उत्कृष्ट राजस्थान के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता मंच की भागीदारी भी जरूरी है। ये संस्थाएं जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रभावी कड़ी बन सकती हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन संवादों के जरिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से सुझाव ले रही है।

संवाद कार्यक्रम में जिला दिव्यांग सेवा संस्थान (जालोर), अर्पण सेवा संस्थान, घुमंतू कल्याण संस्थान, प्रयास संस्थान, कट्स संस्थान, एसडब्ल्यूआरसी तिलोनिया, सेन्ट्रल फॉर डवलपमेंट कम्यूनिकेशन जयपुर, अपना घर आश्रम, टाबर संस्थान, सक्षम संस्थान, सिविल राईट सोसायटी, शांति देवी जनकल्याण ट्रस्ट, अलख फाउंडेशन, चौथमल पुजारी चैरिटेबल ट्रस्ट, कन्ज्यूमर एक्शन एण्ड नेटवर्क, जनाधिकार समिति, सेन्टर फॉर दलित राईट्स सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिए। इन प्रतिनिधियों ने दिव्यांग कल्याण, महिला उत्थान, घुमंतू कल्याण, उपभोक्ता कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, पुनर्वास केन्द्रों एवं स्वयं सहायता समूहों के सशक्तीकरण जैसे विषयों पर अपनी राय रखी। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षों में स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लिए गए जनकल्याणकारी फैसलों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों का विश्लेषण करते हुए आगामी बजट में समाहित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद किया।*

■ **संवाद कार्यक्रम में संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दिव्यांग, महिला, घुमंतू, उपभोक्ता, पर्यावरण आदि विषयों पर अपने विचार रखे तथा गत दो वर्षों में स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार के फैसलों की सराहना की।**

# ईरान के राष्ट्रपति प्रदर्शनकारियों से बात करने को तैयार

तेहरान, 11 जनवरी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने देशभर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रविवार को कहा कि वह प्रदर्शनकारियों की मांगें सुनने के लिये तैयार हैं, लेकिन दंगाई पूरे समाज को तबाह करने में लगे हैं।

पेज़ेशकियान ने सरकारी न्यूज़ एजेंसी आईआरआईबी को दिये गये एक साक्षात्कार में कहा, ''लोगों की अपनी चिंताएं हैं। हमें उनके साथ बैठना चाहिए और हमें उन चिंताओं का हल निकालना चाहिए। लेकिन इससे भी ज़्यादा ज़रूरी है कि दंगाइयों के समूह को पूरे समाज को तबाह न करने दिया जाये।'' पेज़ेशकियन ने अमेरिका और इज़रायल पर ईरान में अस्थिरता पैदा करने के लिए ''दंगाइयों'' को आदेश देने का भी आरोप लगाया। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब हाल के दिनों में ईरानी पुलिस और सरकार और इन कथित ''दंगाइयों'' के बीच जानलेवा झड़पों की खबरें मिली हैं। ये झड़पें दिसंबर के आखिर से कई ईरानी शहरों में, ईरानी मुद्रा रियाल की कीमत में भारी गिरावट और लंबे समय से चली आ रही आर्थिक मुश्किलों को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच हुई हैं। उल्लेखनीय है कि आर्थिक तंगी को लेकर ईरान में बीते दो हफ्तों से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। नॉर्वे के एक मानवाधिकार समूह के अनुसार, इन प्रदर्शनों में अब तक 192 लोग मारे जा चुके हैं।

# ईरान की संसद में ''अमेरिका मुर्दाबाद'' के नारे लगे

## अमेरिका ने हमला किया तो अमेरिकी व इज़रायली सेनाओं को निशाना बनाने की चेतावनी

तेहरान, 11 जनवरी। ईरान में सत्ता के खिलाफ जारी देशव्यापी प्रदर्शनों के बीच तनाव और बढ़ गया है।ईरान में लगभग दो सप्ताह से जारी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और दमन की कार्रवाई में अब तक 203 लोगों की मौत हो चुकी है।इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद होने से हालात की स्वतंत्र पुष्टि करना मुश्किल हो गया है।

कार्यकर्ताओं के मुताबिक, प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में अब तक 203 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 2,600 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के अनुसार, प्रदर्शनों में जान गंवाने वालों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। एजेंसी के अनुसार, मृतकों में 162 प्रदर्शनकारी और 41 सुरक्षा बलों के सदस्य शामिल हैं। ईरान सरकार ने प्रदर्शनों में हताहतों की संख्या जारी नहीं की है।

इसी बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कालिबाफ ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो अमेरिकी और इज़रायली सैनिकों को भी निशाना बनाया जाएगा।

■ **अमेरिका की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, मृतकों में 162 प्रदर्शनकारी तथा 41 सुरक्षा बलों के सदस्य शामिल हैं।**

यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब राजधानी तेहरान और देश के दूसरे सबसे बड़े शहरों में प्रदर्शन दो हफ्ते से ज्यादा समय से जारी हैं।

संसद में यह बयान उस वक्त आया, जब सांसद नारेबाजी करते हुए आसन के पास पहुंच गए और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाए। विदेश में मौजूद लोगों को आशंका है कि सूचनाओं पर पाबंदी के कारणसुरक्षा बलों के सख्त रुख को बढ़ ावा मिल सकता है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों के प्रति समर्थन जताया। उन्होंनेकहा कि अमेरिका मदद के लिए तैयार है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्सके अनुसार, ट्रंप को ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई के विकल्प बताए गए हैं, हालांकि अंतिम फैसला नहीं हुआ है। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग ने चेताया कि ट्रंप जो कहते हैं, उस पर अमल भी करते हैं।

# अमेरिका ने सीरिया ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दुभाषिया नागरिक मारे गए।

कमांड ने कहा कि ये हमले ''हमारे लड़ाकों के खिलाफ इस्लामिक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने, भविष्य में होने वाले हमलों को रोकने और इस इलाके में अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं की रक्षा करने के हमारे लगातार प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं,'' उन्होंने कहा कि अमरीकी और गठबंधन सेनाएं ''अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले आतंकवादियों का पीछा करने के लिए दृढ़ हैं।''

# एक्स ने गलती ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अश्लील पोस्ट के नहीं हटाने पर आईटी एक्ट के तहत प्लेटफार्म के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

एक्स के आर्टीफिशल इंटेलिजेंस (एआई) टूल ग्रोक व अन्य माध्यमों से महिलाओं की तस्वीर को डालकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने का कंटेंट पोस्ट किया जा रहा था। इस मामले में शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। एआई टूल के माध्यम से एक्स पर पोस्ट की गई आम महिला की तस्वीरों के साथ इस प्रकार के छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे थे। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि एक्स ने अपनी गलती तो मान ली है और भविष्य में भारत के कानून के हिसाब से प्लेटफार्म के संचालन का भरोसा भी दिया है, लेकिन इस प्रकार के मामले में और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। मंत्रालय कार्रवाई से बहुत संतुष्ट नहीं है। मंत्रालय ने एक्स को एआई से बनाए गए कंटेंट के गलत इस्तेमाल पर स्वत: रोक लगाने के लिए टेक्निकल टूल की तैनाती के साथ उन सभी के खातों को समाप्त करने के लिए कहा है। कुछ दिन पहले एक्स प्लेटफार्म पर अश्लील वीडियो के भी मामले सामने आए थे।सरकार की तरफ से भारत में किसी भी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट को चलाने की सख्त मनाही है।

# प्रधानमंत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सोचिए क्या माहौल रहा होगा। तब हमारे पूर्वजों ने अपनी जान की बाजी लगा दी थी। हमारे पुरखों ने अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया था। मैं दुनियाभर के श्रद्धालुओं को सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा की शुभकामनाएं देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, 72 घंटों तक अनवरण ओंकार का नाद, 72 घंटों का अनवरण मंत्रोच्चार। मैंने देखा, कल रात 1,000 ड्रोन द्वारा, वैदिक गुरुकुलों के 1,000 विद्यार्थियों की उपस्थिति, सोमनाथ के 1,000 वर्षों की गाथा का प्रदर्शन। और आज 108 अश्वों के साथ मंदिर तक शौर्य यात्रा, मंत्रों और भजनों की अद्भुत प्रस्तुति, सबकुछ मंत्र-मुग्ध कर देने वाला है।

# पालम पर तापमान 3 डिग्री पहुँचा

नयी दिल्ली, 11 जनवरी। राजधानी दिल्ली के पालम क्षेत्र में रविवार सुबह को हाल के वर्षों में जनवरी की सबसे ठंडी सुबहों में से एक दर्ज किया गया जहां न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2010 के बाद यह पालम में दर्ज किया गया दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान है। इस अवधि में इससे अधिक ठंडा दिन सात जनवरी 2013 को रहा था, जब तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पालम में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 जनवरी 1967 को दर्ज किया गया था, जब पारा शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शीतलहर की स्थिति दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि ठंड का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है, जिसके मद्देनज़र दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि अगले पांच से सात दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत और बिहार में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की प्रबल संभावना है।

# सोनिया गांधी को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में तेज़ी से हो रहे सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई है। ग़ौरतलब है कि श्रीमती गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली में बढ़ ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली प्रदूषण की वजह से कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# संघ बदल नहीं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दोनों रूप अलग-अलग हैं। फिर भी पेड़ मूल रूप से उसी बीज जैसा है, जिससे वह उगा है।'' भागवत ने कहा कि आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एक जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने बचपन में ही अपना जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

# भारत आज ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह मिशन पीएसएलवी का 64वां उड़ान मिशन होगा। 260 टन वजनी और 44 मीटर ऊंचा यह रॉकेट अपनी पिछली विफलता के बाद वापसी कर रहा है। 18 मई 2025 को हुए पिछले मिशन में रॉकेट के तीसरे चरण में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण वह मिशन असफल रहा था।

पीएसएलवी-सी 62मिशन में कुल 15 सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। इनमें एक मुख्य भारतीय सैटेलाइट और 14 अन्य छोटे उपग्रह शामिल हैं। इन 14 में से 8 विदेशी सैटेलाइट हैं, जो फ्रांस, नेपाल, ब्राजील और ब्रिटेन के हैं।

इस मिशन में हैदराबाद की ध्रुवा स्पेस कंपनी पहली बार 7 सैटेलाइट लॉन्च करेगी। यह भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसरो ने बताया कि एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का निर्माण थाईलैंड और ब्रिटेन ने मिलकर किया है। मिशन के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। लॉन्च के करीब 17 मिनट बाद सभी सैटेलाइट को उनकी तय कक्षा में स्थापित कर दिया जाएगा। पूरे मिशन की अवधि दो घंटे से अधिक होगी।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600